सार-समाचार

पेड़ से लटका मिला बुजुर्ग का शव

डूंगरपुर, (निसं)। दोवडा थाना क्षेत्र के काटडी गांव में खेत में पेड से एक बुजुर्ग का शव लटका हुआ मिला। बुजुर्ग बुधवार दोपहर को अपने घर से निकला था। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। वहीं, मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दोवडा थाना पुलिस ने बताया की पालथुर निवासी अशोक पुत्र वालजी ननोमा ने रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट में बताया है कि उसके पिता वालजी ननोमा पास के ही गांव खेडा सामोर में चौकीदारी का काम करते थे। बुधवार दोपहर को वे घर से निकले थे,लेकिन वापस नहीं लौटे। जिस पर परिजनों ने उनकी तलाश की तो घर से करीब 2 किलोमीटर दूर काटडी गांव के पास खेत में एक पेड से उनका शव लटका हुआ मिला। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची दोवडा थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर डूंगरपुर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। परिजनों के अनुसार उनके बुजुर्ग वालजी की दिमागी हालत ठीक नहीं थी। ऐसे में परिजनों ने बुजुर्ग द्वारा दिमागी हालत ठीक नहीं होने से आत्महत्या करना बताया है। फिलहाल पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। वहीं, मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक के 6 बच्चे हैं। जिसमें से 2 बेटी और 1 बेटे की शादी हो चुकी है। जबकि 3 बच्चे अविवाहित हैं।

सहायता शिविर 25 व 26 मई को

डूंगरपुर, (निसं)। ऑर्थोडिक ओपीडी 25 मई दिव्यांग सहायता शिविर माह के अंतिम शनिवार एवं रविवार 25 एवं 26 मई को महावीर इन्टरनेशनल डूंगरपुर के रोग निदान केन्द्र एऑडिटोरियम के सामने, नये होस्पिटल के पास डूंगरपुर में समय प्रातरू 11.30 बजे से लगाया जा रहा है । संस्था के अध्यक्ष विजय जैन ने बताया की संस्था में एक दिवसीय ऑर्थोपेडिक ओपीडी का नियमित शिविर भी 25 मई को ही लगाया जा रहा है। जैन ने बताया की जीबीएच जनरल एवं कैंसर हॉस्पीटल उदयपुर के अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ.सौरभ अग्रवाल प्रत्येक माह के चौथे शनिवार को अपनी नियमित ओपीडी सेवाए संस्था में प्रदान करते है। उन्होंने बताया की हड्डी एवं जोडों से संबंधित पुराने रोगी अपनी पहले की रिपोर्ट्स अवश्य साथ लावें। साथ ही दिव्यांगजन अपने साथ मेडिकल प्रमाण पत्र की प्रति, एक फोटो, आधार कार्ड, जाति एवं आय प्रमाण पत्र की प्रति लेकर आवें ताकि आप को नि रूशुल्क साधन उपलब्ध कराने मे कठिनाई नहीं होवे । श्री जैन ने सभी से आग्रह किया है कि सभी लोग अपने आस-पास के अस्थि रोग के मरीजों एवं दिव्यागों को शिविर की जानकारी अवश्य उपलब्ध करावें ताकि अधिकाधिक लोगों को शिविर का लाभ पहुंचाया जा सके।

नया आंगनवाडी केन्द्र खुलवाने की मांग

बांसवाड़ा, (निसं)। ग्राम पंचायत बदरेल खुर्द में गांव बडी बदरेल में नया आंगनवाडी केन्द्र खुलवाने एवं पुराने भवन को नया बनवाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने महिला एवं बाल विकास विभाग के सहायक निदेशक हेमेंद्र बारहठ को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में बताया गया कि पंचायत समिति बांसवाडा की संयुक्त ग्राम पंचायत बदरेल खुर्द में गांव बडी बदरेल में लम्बे समय से आंगनवाडी भवन जर्जर होने के संबंध में पंचायत को कई बार अवगत करवाया गया। साथ ही राज्य सरकार द्वारा आयोजित शिविरों में भी आंगनवाडी भवन की स्थितियों से अवगत कराते हुए ज्ञापन दिये गये लेकिन समस्या का समाधान नहीं किया गया एवं भवन क्षतिग्रस्त होकर गिर गया। जिससे छोटे-छोटे बच्चों को परेशानियों का सामना करना पड रहा है एवं वे अन्य जगह की शरण लेने को विवश है। ज्ञापन में बताया गया कि आंगनवाडी केन्द्र वार्ड नंबर 2, 3, 4 व 5 के केंद्र बिंदु में नहीं आते है अतरू नया आंगनवाडी खोला जाये ताकि छोटे-छोटे बच्चों को 2 किलोमीटर दूर से चलकर नहीं आना पडे। इन लोगों ने बताया कि बरसात के समय में बच्चों को विभिन्न समस्याओं का सामना करने को विवश होना पडता है ऐसे में नया आंगनवाडी केन्द्र खुलने से छोटे-छोटे बच्चों के माता-पिता भी चिन्ता मुक्त होंगे। ग्रामीणों ने बताया कि यदि विभाग पुराना भवन गिराकर नया आंगनवाडी केन्द्र बनाता है तो बच्चों के साथ ही माता-पिता को बडी राहत मिलेगी।

प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

बांसवाड़ा, (निसं)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से संचालित डॉ भीमराव अंबेडकर राजकीय बालिका आवासीय विद्यालय खोडन मे प्रवेश प्रक्रिया 15 मई से प्रारंभ हो गयी है जिसमे कक्षा 6 से 12 तक अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछडा वर्ग तथा आर्थिक पिछडा वर्ग की छात्राओं के प्रवेश के लिये आवेदन ई मित्र सेवा केन्द्र पर एसएसओ डॉट राजस्थान डॉट जीओवी डॉट इन पर नवीन प्रवेश पोर्टल एसजेएमएस के माध्यम से कर सकते है। आवासीय विद्यालय के प्रधानाचार्य ने बताया कि विद्यालय में कक्षा 11 एवं 12 में कला एवं विज्ञान संकाय संचालित है। विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ- साथ गर्ल्स हॉस्टल, गुणवत्ता पूर्ण भोजन, नाश्ता, दूध, विशेष भोजन, ई लाईब्रेरी, स्मार्ट क्लास, जिम, रनिंग ट्रैक, आउटडोर गेम्स, सीसीटीवी मॉनिटरिंग, सायंकालीन कक्षाएं सहित अनेक अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। अतरू सीट लिमिट होने के कारण समय पर आवेदन कर प्रवेश पाएं। ध्यान रहे कि गुणात्मक शिक्षा के प्रमुख केन्द्र का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा एवं आवासीय विद्यालय की राज्य स्तरीय रैंकिंग में ये विद्यालय प्रथम स्थान पर है।

पेयजल-बिजली व्यवस्था का जायजा

डूंगरपुर, (निसं)। जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह ने गुरुवार को बिना किसी पूर्व सूचना के जिले के आसपुर क्षेत्र में पेयजल और बिजली व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान जिला कलक्टर ने सरपंच गली, सदर बाजार, होली चौक, खेडा, गोल आदि क्षेत्रों में पैदल घूमकर पेयजल और बिजली को लेकर आमजन से संवाद किया और जमीनी स्तर पर पेयजल और बिजली व्यवस्था की हकीकत जानी। स्थानीय निवासियों ने क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था पर संतोष जाहिर किया।

कलेक्टर ने ऑनइलान रिपोर्टिंग में लापरवाही पर जताई नाराजगी

बांसवाड़ा, (निसं)। जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक जिला कलक्टर डॉ इंद्रजीत यादव की अध्यक्षता में हुई। जिला कलक्टर डॉ यादव ने गांव की जनसंख्या अनुसार शुगर-बीपी जांच करने के टारगेट स्थानीय स्वास्थ्यकर्ताओं को देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एनसीडी कार्यक्रम के तहत 30 वर्ष की उम्र से अधिक आयु वाल लोगों की स्क्रीनिंग होती है जिसमें जनसंख्या के अनुरूप टारगेट तय किए जाए वहीं फॉलोअप भी लिया जाए।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एचएल ताबियार ने बताया

- **'हाईपर टेंशन के मरीजों का आयुर्वेद से भी होगा इलाज'**
- **कलेक्टर ने कहा कि आशाओं को डायरिया और दस्त प्रबंधन पर मिलेगा प्रशिक्षण**

कि सिकल सेल एनिमिया की जांच के लिए 60 हजार किट एक दो दिन में प्राप्त होने वाले हैं। इस पर डॉ यादव ने ग्रामीण क्षेत्रों में वितरित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जांच के बाद इसकी रिपोर्ट ऑनइलान करना सुनिश्चित करें। सिकल सेल एनिमिया की समीक्षा के दौरान उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राहुल डिंडोर ने बताया कि अभी तक 8 लाख 97 हजार 886 लोगों की जांच की है जिसमें से 30 हजार 598 तक डिफरेंस आ रहा है इसे शीघ्र ही ऑनाइलान दर्ज करने के निर्देश दिए गए।बैठक में बताया गया कि अब तक सिकल सेल एनिमिया की जांच में 556 पॉजिटिव आए है।

इस पर जिला कलक्टर डॉ. इंद्रजीत यादव ने मेडिकल कॉलेज से ट्रिटमेंट गाइडलाइन लेकर मरीजों का इलाज करने और उनका निरंतर फॉलोअप लेने के निर्देश दिए। जागरूकता के लिए अभियान चलाने के भी निर्देश दिए। वहीं प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत ऑनइलान रिपोर्टिंग में लापरवाही पर सख्त नाराजगी जताई। डॉ. यादव ने कहा कि पॉर्टल पर जो गर्भवती महिलाएं आ रही है उनके जांच का डेटा ही अपलोड नहीं कर पा रहे है तो यह बडी लापरवाही है।

जिला कलक्टर डॉ यादव ने सेक्टर मीटिंग के मिनट्स तैयार करने के निर्देश देते हुए कहा कि सेक्टर मीटिंग के मिनट्स बनाकर जिला मुख्यालय भेजे जाए। साथ ही मिनट्स रिपोर्ट में यह भी लिखे की पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों की कितनी पालना हुई जिससे प्रोग्रेस का आसानी से आंकलन किया जा सके। अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ भरतराम मीणा ने बताया कि अंतरा इंजेक्शन में बांसवाडा का राज्य में दूसरा स्थान है। साथ ही उन्होंने शक्ति दिवस पर सभी चिकित्सा अधिकारियों को सब सेंटर पर निरीक्षण करने के निर्देश दिए वहीं 32 सब सेंटर पर आईएफए सिरप और गोली की रिपोर्ट नहीं करने पर जिला कलक्टर डॉ यादव ने नाराजगी जताई। इस दौरान आरसीएचओ डॉ दिनेश कुमार भाबोर ने एमसीएचएन डे पर मॉनिटरिंग बढाने के निर्देश दिए। डब्ल्यूएचओ से डॉ अक्षय व्यास ने कहा कि एमआर वन और एमआर टू के टीके में अंतर आ रहा है।

जिला कलक्टर डॉ इंद्रजीत यादव ने जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक ली।

बैठक आयोजित

राजसमंद, (निसं)। जिला मुख्यालय पर कुमावत समाज रुणपछौर चौकी संस्थान की बैठक आयोजित की गई। मुख्य प्रबंधक कार्यकारणी का गठन किया। मीडिया प्रभारी अशोक कुमावत ने बताया कि कुमावत समाज रुणपछौर चौकी संस्थान की बैठक की अध्यक्षता समाज अध्यक्ष सुंदरलाल दौराया ने की। समाज के उत्थान के लिए छात्र-छात्राओं को शिक्षा क्षैत्र मे सहयोग, सामुहिक विवाह आयोजन करने के लक्ष्य को लेकर मुख्य प्रबंधक कार्यकारणी का गठन किया।

भोलेनाथ का फूलों से श्रृंगार

राजसमंद, (निसं)। जिला मुख्यालय पर रामेश्वर महादेव के प्राचीन एवं रमणीय स्थल पर वैशाखी पूर्णिमा के अवसर पर विशाल मेला आयोजित हुआ। प्रबंध समिति मीडिया प्रभारी भूपेंद्र लड्ढा ने बताया कि मेले के अवसर पर भगवान भोलेनाथ का फूलों से विशेष श्रृंगार किया गया।

ट्रस्ट मंडल संरक्षक डूंगर सिंह कर्णावट एवं सचिव रामसहाय विजयवर्गीय के अनुसार बैसाखी पूर्णिमा के मेले के अवसर पर भक्तों के जयकारों के साथ भगवान भोलेनाथ के दोपहर 12:15 बजे अभिषेक के साथ मेला प्रारंभ हुआ। हवन एवं ध्वजारोहण एवं संध्या महाआरती हुई। भक्तों ने भगवान भोलेनाथ को विशेष प्रिय पेय ठंडाई का प्रसाद लिया।

इस अवसर पर सह मंत्री तेजाराम ने बताया 24 मई को भगवान भोलेनाथ के नाव मनोरथ का विशेष दर्शन रखा गया है। मेले की व्यवस्थाओं में प्रबंध कमेटी सदस्य राजेश पालीवाल आमेट, लक्ष्मी नारायण पालीवाल, देवीलाल साहू विष्णु रजक,नानालाल गाडरी, नारायण लाल सेन, अनिल बडोला,नवीन बडोला, सत्येंद्र बडोला, मीना मैडम, राजेंद्र लड्ढा, सुनील लड्ढा, श्याम सुखवाल, आदि का विशेष सहयोग रहा।

बिजली-पानी की समस्या को लेकर विधायक घोघरा ने किया प्रदर्शन

डूंगरपुर, (निसं)। कांग्रेस विधायक गणेश घोघरा और उनके समर्थकों ने गुरुवार को रैली निकाली और कलेक्ट्रेट के सामने अनूठा प्रदर्शन किया। बल्ब की माला पहनकर विधायक सडकों पर उतरे। महिलाओं ने हाथों में मटके और पुरुषों ने ट्यूबलाइट लेकर प्रदर्शन किया। कलेक्ट्रेट के सामने नारेबाजी के साथ मटके फोडे। वहीं सरकार और प्रशासन से बिजली, पानी का इंतजाम करने की मांग रखी। बिजली, पानी की समस्या को लेकर डूंगरपुर विधायक गणेश घोघरा की ओर से गुरुवार को प्रदर्शन किया गया।

विधायक गणेश घोघरा गांधी आश्रम अपने क्वार्टर से रैली के रूप में अपने समर्थकों के साथ निकले। विधायक ने गले में बल्ब की माला बनाकर पहनी। वहीं समर्थक महिलाएं हाथों में खाली मटके और पुरुष ट्यूबलाइट लेकर नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। पुलिस ने कलेक्ट्रेट गेट से 10 फीट आगे हो बेरीकेट लगाकर विधायक और समर्थकों को रोक दिया। कडी धूप में विधायक और समर्थकों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। कलेक्ट्रेट के सामने ही मटके फोटो और सरकार पर पानी और बिजली देने में फेल होने के आरोप लगाए। इसके बाद डूंगरपुर एसडीएम ज्ञापन लेने कलेक्ट्रेट गेट पर पहुंचे। विधायक ने कहां कि शहर से लेकर गांवों तक लोग पीने के पानी और बिजली कटौती से परेशान हैं। लोगों को न तो पीने के लिए पानी मिल रहा है और न ही पर्याप्त बिजली मिल रही है। विधायक ने लोगों को बिजली और पानी मुहैया करवाने की मांग रखी।

बिजली-पानी की समस्या को लेकर कांग्रेस विधायक घोघरा के नेतृत्व में पानी के मटके फोड़े।

वन्य जीव गणना शुरू

डूंगरपुर, (निसं)। बुद्ध पूर्णिमा पर गुरुवार सुबह 8 बजे से वन्य जीव गणना शुरू हो गई। जिले के 6 रेंज में 38 वाटर हॉल पर वन्य जीव गणना की जा रही है। गर्मी की वजह से 27 वाटर हॉल सूख चुके हैं। जहां इस बार गणना नहीं की जा रही है। भीषण गर्मी में वनकर्मी पेडों की छांव या दूसरी छायादार जगह पर बैठकर वन्य जीव की गणना में जुटे हैं। ये गणना 24 घंटे शुक्रवार सुबह 8 बजे तक चलेगी।जिला वन अधिकारी रंगास्वामी ने बताया कि बुद्ध पूर्णिमा पर हर साल वन्य जीवों की गणना की जाती है। गुरुवार सुबह 8 बजे से जिले के सभी 6 वन रेंज में वन्य जीव गणना शुरू कर दी गई है। 38 वाटर हॉल पर 124 वनकर्मी वन्य जीव गणना करने में जुटे हैं। वनकर्मियों के लिए कई जगह ऊंची मचान बनाई गई है।

कई जगह पर पेड पर चढकरए छांव या परकोटे के पास बैठकर वनकर्मी वन्य जीव गणना में जुट गए हैं। भीषण गर्मी की वजह से इस बार जंगल में कई वाटर हॉल सूख चुके हैं।

सार-समाचार

गौवंश परिवहन करते दो गिरफ्तार

बांसवाड़ा, (निसं)। सल्लोपाट थाना पुलिस ने पिकअप में चार गौवंश बेल को निर्दयतापूर्वक ठूंस-ठूंस कर परिवहन करते दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर वाहन जब्त किया है। थानाधिकारी देवीलाल ने बताया कि गांगडतलाई निवासी आशीष पुत्र सुखलाल पंचाल ने दूरभाष पर सूचना दी कि दो व्यक्ति पिकअप में गौवंश में ठूस-ठूसकर भरकर ले जा रहे हैं। इस सूचना पर एएसआई मगनलाल मय जाप्ते के मौके पर पहुंचे तो पंचाल ने बताया कि पिकअप में बैल ठूस-ठूसकर भरे हुए थे इनमें से एक तो मरने के कगार पर नीचे पडा था। चालक ने अपना नाम गणेश पुत्र धूलजी निवासी बारोडी पंचायत मोटी बस्सी थाना अरथूना होना बताया वहीं पास में बैठे व्यक्ति ने अपना नाम विमल उर्फ विरमल पुत्र कचरा निवासी गलियाकोट जिला डूंगरपुर होना बताया। जब गणेश व विमल से बैलों के परिवहन संबंधी कागजात के बारे में पूछा तो उन्होंने परिवहन संबंधी कागजात नहीं होना बताया। पुलिस जाप्ते ने बैलों को मुक्त कराकर ईलाज के बाद दयोदय गौशाला बागीदौरा में रखवाया वहीं पिकअप जब्त करते हुए गणेश व विरमल को गिरफ्तार किया।

विश्व कल्याण के लिये किया यज्ञ

बांसवाड़ा, (निसं)। गायत्री मंडल और महिला पतंजलि योग समिति के संयुक्त तत्वावधान में रातीतलाई में गायत्री मंडल की आशा द्विवेदी और जयप्रकाश द्विवेदी के आचार्यत्व में गायत्री यज्ञ किया गया। जिसमें अरुण व्यास और ऋषिकन्या व्यास ने घी की आहुतियां देते हुए सर्व मंगल की कामना की। महिला पतंजलि योग समिति की पूर्व जिला संयोजिका और संरक्षक भुवनेश्वरी मालोत ने बताया कि विश्व कल्याण की कामना से यज्ञ किया गया। इस अवसर पर योगिनी बहनों ने यज्ञ में आहुतियां देते हुए पुरातन धर्म संस्कृति के गौरव को बनाए रखने के लिए समय-समय पर यज्ञ करने का संकल्प लिया। आशा द्विवेदी ने कहा कि बच्चों को जन्म से ही यज्ञ संस्कार डालने चाहिए। उन्होंने बताया कि यज्ञ से वातावरण में व्याप्त नकारात्मकता दूर होती है और सकारात्मक आती है ऊर्जा का संचार होता है और प्रकृति अपने नए रूप में प्रकट होती है। कार्यक्रम में प्रेमलता दोसी, दर्शिका दोसी, बिंदु त्रिवेदी, वर्षा मालोत, संध्या रस्तोगी, कांता भाटी, बीना शाह, कविता वाधवानी, संयुक्ता शाह आदि ने सहयोग प्रदान किया।

मोबाइल वैन रवाना

राजसमंद, (निसं)।आमजन में विधिक जागरूकता एवं जन जागरूकता के लिए गुरुवार को अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) राघवेन्द्र काछवाल के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव संतोष अग्रवाल ने मोबाइल वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सचिव संतोष अग्रवाल ने बताया कि उक्त मोबाईल वैन के माध्यम से जिले में कुल 18 दिन तक गांव-गांव व ढाणी-ढाणी में रालसा द्वारा आदिवासियों के कल्याण एवं उनके सरंक्षण हेतु राष्ट्रीय लोक अदालत, स्थाई लोक अदालत, पीडित प्रतिकर स्कीम, बाल विवाह रोकथाम, नि:शुल्क विधिक सहायता, नाल्सा व रालसा द्वारा जारी जनकल्याणकारी योजनाओं, मध्यस्थता आदि के बारे में विधिक जागरूकता शिविरों का आयोजन करते हुए आमजन को जागरूक किया जायेगा।

उपस्वास्थ्य केन्द्रों का किया निरीक्षण

राजसमंद,(निसं)। जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुरेश मीणा ने उपस्वास्थ्य केन्द्रों पर आयोजित हो रहे मातृ शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस एवं प्रसूति नियोजन दिवस की मॉनिटरिंग को लेकर भीम ब्लॉक के उपस्वास्थ्य केन्द्र बाघाना, देवगढ के उपस्वास्थ्य केन्द्र मादा की बस्सी, टेगी, कमेरी व स्वादडी का औचक निरीक्षण किया। आरसीएचओ ने वहां मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य संबंधी दी जा रही सेवाओ का अवलोकन किया तथा इससे सम्बन्धित रिकार्ड का भी अवलोकन किया। उन्होंने मौके पर सेवायें लेने आई गर्भवती महिलाओं से फिडबैक भी लिया तथा सम्बन्धित स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने देवगढ में संचालित निजी चिकित्सालय गुप्ता चिकित्सालय का भी औचक निरीक्षण कर वहां नियमित टीकाकरण की गुणवत्ता एवं मातृ स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को लेकर डॉक्टर्स एवं सम्बन्धित स्टॉफ से मिलकर समीक्षा की।

वीरा प्रियदर्शना ने कैनोपी छतरी बांटी

डूंगरपुर, (निसं)। महावीर इंटरनेशनल की महिला शाखा वीरा प्रियदर्शना डूंगरपुर द्वारा गुरूवार को अपने सुकून की छांव कार्यक्रम के तहत बढती गर्मी में धूप से राहत देने पांच स्ट्रीट वेंडर्स को कैनोपी छतरी नि:शुल्क प्रदान की गई। वीरा प्रियदर्शना की अध्यक्षा वीरा कल्पना दोशी ने बताया की महावीर इंटरनेशनल अपने सुकून की छांव कार्यक्रम के तहत स्ट्रीट वेंडर्स और फुटपाथ पर दुकान लगाने वाले छोटे विक्रेताओं को इस तपती गर्मी में धूप एवं लू से बचाने के लिए इस माह लगभग 31 कैनोपी छातो का नि:शुल्क वितरण किया। आज की छतरीयाँ वीरा हेमा गुप्ता एंव वीरा पिंकी अग्रवाल के सौजन्य से प्रदान की गई है।

सीवरेज और जल प्रदाय योजना की बढ़ाएं प्रगति : कलासुआ

डूंगरपुर, (निसं)। शहर में सीवरेज और जल प्रदाय योजना को लेकर कार्य चल रहा है और कार्य की धीमी प्रगति को लेकर सभापति अमृतलाल कलासुआ ने नाराजगी व्यक्त की और कहां कि कार्य की प्रगति बढाये और तय समय पर कार्य कर कार्य को पूर्ण करे।

गुरूवार को सभापति ने आयुक्त प्रभुलाल भाभोर के साथ राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना के अधीक्षण अभियंता अशोक जांगिड एसहायक अभियंता अनिल पाटीदार और विभगीय अधिकारियो की बैठक

- **सभापति कलासुआ ने शहर में सीवरेज और जल प्रदाय योजना की धीमी प्रगति को लेकर जताई नाराजगी**

ली। बैठक में सभापति ने कहा कि जिन वार्ड में कार्य पूर्ण होने को आ रहा है वहां सडक बनाने का कार्य शुरू किया जाए साथ ही जहा वार्ड का अधूरा पडा है उसको बिना विलम्ब के पूर्ण करे। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से सीवरेज और जल प्रदाय योजना शहर के भविष्य के लिए वरदान साबित होंगी पर जिन वार्डो में कार्य हो रहा है वहा कार्य को अधूरा न छोडे। इस अवसर पर विकास परियोजना के अधीक्षण अभियंता अशोक जांगिड ने कहा कि शहर में सीवरेज और जल प्रदाय योजना को लेकर युद्ध स्तर पर कार्य हो रहा है और कई वार्डो में कार्य पूर्ण होने को आ रहे है, विभाग द्वारा बरसात से पूर्व जिन वार्डो में कार्य पूर्ण हो चूका वहा सडक बनाने का कार्य शुरू कर दिया जाएगा साथ ही जिन वार्डो में कार्य पूर्ण नहीं हुआ है उसको ठेकेदार द्वारा जल्द ही पूर्ण करा लिया जाएगा। कार्य को लेकर शहरवासियों को जो असुविधा हो रही है उसके लिए विभाग को खेद है।

न्यू कॉलोनी में सड़क कार्य बरसात से पूर्व हो :-सभापति अमृत कलासुआ ने कहा कि न्यू कॉलोनी में शास्त्री कॉलोनी के बाद कार्य शुरू किया गया था और न्यू कॉलोनी में लगभग कार्य भी पूर्ण होने को है, वार्ड में सडक नहीं बनने से वार्डवासियों को काफी दिक्कत का सामना करना पड रहा है, ऐसे में यहाँ पर सडक बनाने का कार्य इस सप्ताह से शुरू करे और वर्षा से पूर्व कार्य पूर्ण करके रिपोर्ट प्रस्तुत करे। वही शहर में जहां जहा कार्य पूर्ण हो चूका है वहां भी सीवर और जल प्रदाय योजना के कनेक्शन देकर सडक के डामरीकरण का कार्य शुरू कर देवे। सहायक अभियंता अनिल पाटीदार ने कहा कि शहर में सीवरेज और जल प्रदाय योजना के तहत किसी भी शिकायत के निवारण हेतु शहरवासियों हेतु निम्न टोल फ्री नंबर 1800 1806481 की सुविधा रखी गयी है। बैठक में परिषद के लेखाधिकारी कुलदीप सिंह राठोड, सीवरेज ठेकेदार सुनील ठक्कर भी मौजूद रहे।

सभापति अमृतलाल कलासुआ ने शहर में सीवरेज और जल प्रदाय योजना की प्रगति को लेकर अधिकरियों की बैठक ली।

प्राधिकरण सचिव सिंह ने ली बैठक

बांसवाड़ा, (निसं)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार आगामी 13 जुलाई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के लिये प्राधिकरण सचिव व अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश कौशल सिंह ने विभिन्न बैंकों के अधिकारियों की बैठक ली

प्राधिकरण सचिव सिंह ने समस्त अधिकारियों को राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से अधिकाधिक लम्बित एवं प्री-लिटिगेशन प्रकरणों के निस्तारण के निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से प्री-लिटिगेशन में धारा 138, परऋाम्य विलेख अधिनियम, बैंक रिकवरी, श्रम विवाद, पानी व बिजली के बिल अशमनीय के अलावा एवं अन्य दाण्डिक शमनीय, पारिवारिक एवं अन्य सिविल विवाद और न्यायालयों में लम्बित प्रकरणों में शमनीय दाण्डिक अपराध अन्तर्गत धारा 138, परऋाम्य विलेख अधिनियम, बैंक रिकवरी मामले, एमएसीटी मामले, वैवाहिक विवाद, श्रम विवाद, अन्य सिविल मामलें आदि प्रकरणों का निस्तारण आपसी राजीनामें से सौहार्दपूर्वक किया जायेगा।

बैठक के दौरान लीड बैंक से सुनील पाण्डे, बीआरकेजीबी बैंक से नानालाल खटिक, संजय बैरवा, यूनियन बैंक से दीपक मीना, लक्ष्मण मीना, एसबीआई से आनन्द तोशनीवाल, पीएनबी से तुषार जैन, कमलेश सोनार्थी, विनोद कुमार मीना, ओमप्रकाश चोधरी, अविनाश डांगी मौजूद रहे।

शहर के मुख्य मार्गों पर करवाया पानी का छिड़काव

संभागीय आयुक्त की पहल पर सार्वजनिक स्थलों पर छाया-पानी की व्यवस्था की।

बांसवाड़ा, (निसं)।संभागीय आयुक्त डॉ. नीरज के पवन की पहल पर शहर के मुख्य मार्गो पर पानी का छिडकाव करवाया गया वहीं सार्वजनिक स्थल पर पानी-छाया की पर्याप्त व्यवस्था करवाई।

हीटवेव को ध्यान में रखते हुए संभागीय आयुक्त ने शहर के पुराना बस एवं रोडवेज बस स्टेण्ड के पास पानी व छाया की व्यवस्था करवाई ताकि आने-जाने वाले व आमजन को भीषण गर्मी से राहत मिल सकें। साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर पर्याप्त मात्रा में पानी के कैम्पर भी रखवाएं। डॉ. पवन ने नगर परिषद को शहर की मुख्य मार्गो, कलेक्ट्रेट रोड, पुराना बस स्टेण्ड, कॉलेज रोड, लिंक रोड प्रताप सर्कल, पुराना बस स्टेण्ड, कस्टम चौराहा व पोस्ट ऑफिस सर्कल आदि पर पानी का छिडकाव करवाने के निर्देश दिये ताकि आने जाने वालों को गर्मी से राहत मिले। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे बाहर जाने से बचें जहां तक हो सके तेज धूप में बाहर जाने से बचने की हिदायत देते हुए बताया कि दोपहर 12 से 3 बजे तक बाहर जाने से हीटवेव की चपेट में आ सकतें है। साथ ही हिदायत दी कि जब धूप तेज हो ऐसी स्थिति में बाहर जाने से बचें और आवश्यकता हो तो बाहर जाते समय सावधानी बरते एवं कुछ सावधानियां जैसे हल्के कपडे, हल्के रंग के कपडे, ढीले, सूती कपडे पहने। बचाव के लिए चश्मे, छाता, टोपी जूते जैसी चीजों के साथ ही बाहर निकलें व पानी साथ रखें ताकि नियमित अंतराल के अंदर पानी पीते रहें जिससे हीटवेव प्रभावित न करें।